कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़ ।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com , Fax/☎ 05964-225234

पत्रांकः 529 /12–1 दिनांक, पिथौरागढ़, 31 जुलाई, 2023 ।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0,
बेरीनाग।

विषयः– **सिनलेख बुंगली मोटर मार्ग प्रस्ताव के सम्बन्ध।**

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग के समरेखन का गुगल अर्थ में अवलोकन करने पर पाया गया कि मोटर मार्ग के समरेखन का बिन्दु सं0 07 से 43 तक निर्माण किया जाना औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता है। जियो रिफरेन्स मैप के अनुसार बिन्दु सं0 0 से बिन्दु सं0 07 तक के समरेखन में खती गांव तथा बिन्दु सं0 43 से 55 तक के समरेखन मे बुंगली ग्राम लाभान्वित है, जबकि बिन्दु सं0 07 से 43 तक के समरेखन में कोई भी ग्राम लाभान्वित नहीं हो रहा है। अतः प्रस्तावित समरेखन का पुनः अवलोकन कर समरेखन में संशोधन करना सुनिश्चित करें, ताकि मार्ग निर्माण से न्यूनतम वन भूमि प्रभावित हो।

(जीवन मोहन दगाड़े)
प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग पिथौरागढ़।